Padma Bhushan

SHRI SHEKHAR KAPUR

Shri Shekhar Kapur is one of the most celebrated film directors in India. He's currently a fellow at the ICAEW. He is reputed to have changed the way Indian films are perceived, both in India and overseas. He has also made a mark in the west, with his film Elizabeth and subsequent films and television series. His films carry many meaningful messages to society. Additionally, he has given back to society and to his profession by serving a term as a Chairman of the Film and Television Institute and is currently the director of the International Film Festival of India.

2. Born on 6th December, 1945, in Lahore, British India, Shri Kapur prior to his expansive film career, studied economics at St. Stephen's College, before becoming a Chartered Accountant with the ICAEW in the UK. He turned director with the family drama Masoom, 1983, starring Naseeruddin Shah and Shabana Azmi. The film went on to be nominated seven times at the Filmfare awards, of which it won five. He then went on to create Mr. India, a science fiction film, starring Anil Kapoor, Sridevi and Amrish Puri. Mr. India has attained the highest praises from critics both in India and globally with many critics having considered it one of the greatest Indian films of all time. In 1994, he released Bandit Queen, which premiered in the Director's Fortnight section of the 1994 Cannes Film Festival. Bandit Queen received International acclaim, with critics worldwide applauding the film. His next film Elizabeth and its subsequent film, Elizabeth: the Golden Age, was adored Internationally. With it being nominated at the Academy Awards, and winning a BAFTA, and Golden Globe, among many more, it is clear to see the massive impact of Elizabeth. This further cemented his reputation as a masterful filmmaker.

3. Following the success of Elizabeth, Shri Kapur worked further in International films, such as Four Feathers, starring Heath Ledger. Beyond feature films, he became involved in various creative ventures with digital storytelling, short films and even stage and theatre production. One notable venture outside filmmaking would be the stage production with Shri Andrew Lloyd Webber, Bombay Dreams. Additionally, this play kick-started Shri A R Rahman's career. He has also given back to the film community, by guiding students with new forms of storytelling. He has spoken at numerous global events, including TED Talks, discussing the evolution of cinema in digital age. He was also a scholar at MIT, researching storytelling in new technology. Moreover, he is an environmentalist. His concerns for the environment stem from the idea of water scarcity, a theme which can be noticed in his upcoming film, Paani.

4. Shri Kapur is a visionary filmmaker whose work spans Indian and International cinema. From redefining Indian cinema with Bandit Queen to earning global acclaim with Elizabeth, he has consistently pushed creative boundaries. His ventures beyond mainstream filmmaking reflect his ever-evolving artistic vision. His legacy lies not only in his films but in the inspiration he continues to provide to future generations of storytellers.

5. Shri Kapur has received numerous accolades throughout his illustrious career.

श्री शेखर कपूर

श्री शेखर कपूर भारत के सबसे प्रसिद्ध फिल्म निर्देशकों में से एक हैं। वह वर्तमान में आईसीएईडब्ल्यू के सदस्य हैं । उन्हें भारत और विदेशों में भारतीय फिल्मों को देखने के नजरिए को बदलने के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपनी फिल्म एलिजाबेथ और उसके बाद की फिल्मों और टेलीविजन श्रृंखलाओं के साथ पश्चिम में भी अपनी छाप छोड़ी है। उनकी फिल्में समाज को कई सार्थक संदेश देती हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने फिल्म और टेलीविजन संस्थान के अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल पूरा करके समाज और अपने पेशे के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाया है और वर्तमान में वह भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के निदेशक हैं ।

2. 6 दिसंबर, 1945 को लाहौर, ब्रिटिश भारत में जन्मे, श्री कपूर ने अपने विस्तृत फ़िल्मी करियर से पहले, सेंट स्टीफ़न कॉलेज में अर्थशास्त्र की पढ़ाई की, उसके बाद यूके में आईसीएईडब्ल्यू के अधीन चार्टर्ड अकाउंटेंट बन गए। उन्होंने वर्ष 1983 में पारिवारिक ड्रामा मासूम से अपने निर्देशन करियर की शुरुआत की, जिसमें नसीरुद्दीन शाह और शबाना आज़मी ने मुख्य भूमिका निभाई। इस फ़िल्म को फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कारों में सात बार नामांकित किया गया, जिनमें से इसने पाँच बार पुरस्कार जीते। इसके बाद उन्होंने अनिल कपूर, श्रीदेवी और अमरीश पुरी अभिनीत साइंस फ़िक्शन फ़िल्म मिस्टर इंडिया बनाई। मिस्टर इंडिया को भारत और विश्व स्तर पर आलोचकों से सर्वोच्च प्रशंसा मिली है और कई आलोचकों ने इसे अब तक की सबसे महान भारतीय फिल्मों में से एक माना है। वर्ष 1994 में, उन्होंने बैंडिट क्वीन रिलीज़ की, जिसका प्रीमियर वर्ष 1994 के कान्स फिल्म महोत्सव के डायरेक्टर फोर्टनाईट सेक्शन में हुआ। बैंडिट क्वीन को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली और दुनिया भर के आलोचकों ने फिल्म की सराहना की। उनकी अगली फिल्म एलिजाबेथ और इसके बाद की फिल्म, एलिजाबेथः द गोल्डन एज, को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। अकादमी पुरस्कारों में नामांकन और अन्य पुरस्कारों के अलावा बाफ्टा और गोल्डन ग्लोब जीतने के साथ एलिजाबेथ के विशाल प्रभाव को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। इसने एक कुशल फिल्म निर्माता के रूप में उनकी प्रतिष्ठा को और मजबूत किया।

3. एलिज़ाबेथ की सफलता के बाद, श्री कपूर ने हीथ लेजर अभिनीत फोर फ़ीदर्स जैसी अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्मों में काम किया। फ़ीचर फ़िल्मों से परे, वह डिजिटल स्टोरीटेलिंग, लघु फ़िल्मों और यहाँ तक कि स्टेज और थिएटर प्रोडक्शन के साथ कई रचनात्मक उद्यमों में शामिल हुए। फ़िल्म निर्माण के अलावा एक उल्लेखनीय उद्यम श्री एंड्रयू लॉयड वेबर के साथ बॉम्बे ड्रीम्स का स्टेज प्रोडक्शन है। इसके अतिरिक्त, इस नाटक के साथ श्री ए. आर. रहमान के करियर की शुरुआत हुई। उन्होंने छात्रों को स्टोरीटेलिंग के नए तरीकों के बारे में मार्गदर्शन देकर फ़िल्म समुदाय को अपना योगदान दिया है। उन्होंने टीईडी टॉक्स सहित कई वैश्विक कार्यक्रमों में डिजिटल युग में सिनेमा के विकास पर चर्चा की है। वे एमआईटी में शोधकर्ता भी थे, जो नई तकनीक में स्टोरीटेलिंग पर शोध कर रहे थे। इसके अतिरिक्त, वह पर्यावरणविद् भी हैं। पर्यावरण संबंधी उनकी चिंताएँ जल संकट के विचार से उपजी हैं, एक ऐसा विषय जिसे उनकी आने वाली फ़िल्म पानी में देखा जा सकता है ।

4. श्री कपूर दूरदर्शी फिल्म निर्माता हैं, जिन्होने भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय सिनेमा में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। बैंडिट क्वीन के साथ भारतीय सिनेमा को फिर से परिभाषित करने से लेकर एलिजाबेथ के साथ वैश्विक प्रशंसा अर्जित करने तक, उन्होंने निरंतर रचनात्मक सीमाओं के दायरे को बढाया है। मुख्यधारा के फिल्म निर्माण से परे उनके उद्यम उनकी निरंतर विकसित होती कलात्मक दृष्टि को दर्शाते हैं। उनकी विरासत न केवल उनकी फिल्मों में बल्कि कहानीकारों की भावी पीढ़ियों को प्रदान किए जाने वाले प्रोत्साहन में निहित है।

5. श्री कपूर को अपने शानदार करियर के दौरान अनेक पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।